# लाखों रुपए ले जा रही ऑडिट टीम को ए.सी.बी. ने पकड़ा

## पंचायत समिति की जांच के बाद लाखों रुपए ले जा रहे थे ऑडिट टीम के सदस्य

**जैसलमेर,** (निसं)। एसीबी टीम ने ऑडिट टीम के तीन सदस्यों को पकड़ा है। तीनों एक कार से 7 लाख 74 हजार 500 रुपए लेकर जा रहे थे। कार और रुपयों को जब्त किया गया है। तीनों ही रकम को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। एसीबी ने रकम को जब्त करके तीनों से पूछताछ शुरू की। कार्रवाई के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

एसीबी टीम के डिप्टी एसपी अनिल शर्मा ने बताया कि जानकारी मिली थी कि जोधपुर से आई ऑडिट टीम के तीन सदस्य ऑल्टो कार से जोधपुर जा रहे हैं और उनके पास बड़ी रकम है। इस पर जैसलमेर-जोधपुर रोड पर चांधन गांव के पास नाकाबंदी कर कार को रुकवाया। कार में गंगाराम, कैलाश बामनिया और महेंद्र जाट बैठे थे। उनके पास करीब 7 लाख 74 हजार 500 रुपए मिले। बताया जा रहा है कि तीनों ही मोहनगढ़ पंचायत समिति में पिछले एक महीने से लोकल फंड के खर्चों की जांच कर रहे थे। ग्राम पंचायतों

- **एसीबी ने रकम को जब्त कर पूछताछ के बाद सदस्यों को छोड़ा**

में हुए वित्तीय वर्ष के खर्चों की ऑडिट जोधपुर की लोकल फंड ऑडिट टीम कर रही थी।

डिप्टी एसपी ने बताया कि एसीबी की टीम ने चांधन पुलिस चौकी के पास नाकाबंदी कर मोहनगढ़ से जोधपुर जाती ऑल्टो कार को रुकवाया। टीम ने कार की तलाशी ली तो एक बैग में 7 लाख 74 हजार और 500 रुपए की रकम जब्त की। इस रकम के बारे में पूछने पर कोई संतोषजनक जवाबनहीं दे पाए। जिस पर एसीबी की टीम ने कार को खंगाला लेकिन और कुछ भी बरामद नहीं हुआ। एसीबी ने पैसों को जब्त कार्रवाई करके तीनों को छोड़ दिया। अब पैसों को लेकर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# शराब कारोबारी के कई ठिकानों पर आयकर विभाग का सर्वे

**जोधपुर,** (कासं)। प्रदेश भर में शनिवार की सुबह आयकर विभाग की तरफ से शराब कारोबारियों पर सर्वे की कार्रवाई शुरू की गई। जोधपुर सहित प्रदेश के कुछ और जिलों में यह कार्रवाई की गई। विभाग की तरफ से कार्रवाई शाम तक जारी रही। इसमें करोड़ों की अघोषित आय उजागर होने की संभावना बनी है। जोधपुर के एक शराब एवं टोल कारोबारी के दस ठिकानों पर एक साथ सर्वे आरंभ हुआ है। इस कारोबारी के पावटा स्थित धर्म नारायण हत्था स्थित निवास पर 20 से ज्यादा अधिकारियों की टीम पहुंची।

- **दिनभर चलती रही कार्रवाई, अघोषित आय उजागर होने की संभावना**
- **जोधपुर सहित प्रदेश के कुछ और जिलों में यह कार्रवाई की गई**

आयकर सूत्रों के मुताबिक टीम कारोबारी के दस से ज्यादा ठिकानों पर सर्वे कर रही है। कारोबारी टोल प्लाजा का कार्य भी करता है। कारोबारी के यहां पर आयकर विभाग को काफी समय से टैक्स को लेकर गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थी। जिस पर टीम ने आज सुबह से ही सर्वे आरंभ कर दिया। इसके अलावा प्रदेश के कुछ अन्य जिलों में भी आयकर विभाग की तरफ से सर्वे की जानकारी मिली है।

बताया जाता है कि कारोबारी फाइनेंस का काम भी करता है। शराब और टोल प्लाजा भी संभाल रखा है। उसके प्रदेश में अन्य ठिकानों पर भी सर्वे कार्य जारी है। करोड़ों की अघोषित आय उजागर होने की संभावना बनी है।

# भड़काऊ भाषण देने के मामले में गौहर चिश्ती पर आरोप तय

## मुख्य आरोपी गौहर चिश्ती के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश होने के बाद आरोप तय

**अजमेर,** (कासं)। पिछले साल 17 जून 2022 को भड़काऊ भाषण देने के मामले में मुख्य आरोपी गौहर चिश्ती के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश होने के बाद न्यायालय ने गौहर चिश्ती पर आरोप तय कर दिए, आरोपी को हाई सिक्योरिटी जेल से लाकर न्यायालय में पेश किया गया।

लोक अभियोजक गुलाम फारूकी ने बताया कि गौहर चिश्ती और उसके साथियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 और 115 में आरोप तय किए गए हैं। गौरतलब है कि 17 जून 2022 को आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे, उसके कुछ दिनों बाद ही उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों

- **चार्जशीट में गौहर चिश्ती द्वारा 5 हजार लोगों की भीड़ में लगवाए नारे को भड़काऊ बताया**

ने भी इसी नारे को दोहराया, मामला सामने आने के बाद गौहर चिश्ती को भी आपत्तिजनक भाषण के चलते गिरफ्तार किया गया था, हालांकि अजमेर पुलिस ने गौहर चिश्ती का इस हत्याकांड से कोई सीधा संबंध नहीं बताया है। पुलिस की ओर से पेश की गई चार्जशीट में गौहर चिश्ती द्वारा 5 हजार लोगों की भीड़ में लगवाए गए इस नारे को भड़काऊ बताया गया।

इस मामले में पूर्व में खादिम मोहल्ला निवासी खादिम फकर जमाली, फूल गली निवासी नईम, भट्टा बस्ती जयपुर निवासी शमशुद्दीन, गुजरात मोरबी राजकोट निवासी रियाज को भी गिरफ्तार किया गया था। गौहर चिश्ती अजमेर दरगाह के अंजुमन कमेटी के सचिव सरवर चिश्ती का भतीजा है, गौहर के बाद सरवर चिश्ती के भी कई विवादित वीडियो सामने आ चुके हैं। गौरतलब है कि दो दिन पहले पीएफआई से संबंधित एक मामले में एनआईए ने सरवर चिश्ती को जयपुर बुलाकर नोटिस भी जारी किया है।

# पद दंगल में किसानों को पेयजल योजना के लिए जागरूक किया

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। ग्राम पंचायत धौलेटा में आयोजित पद दंगल में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने उपस्थित लोगों को ईआरसीपी (ईस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना) के बारे में विस्तार से बताया और राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए एकजुट होने का आव्हान किया। इस दौरान गांव धौलेटा के विकास के लिए भामाशाह रामनिवास मीना ने कई घोषणाएं की।

कार्यक्रम में धार्मिक और पौराणिक रचनाएं गायक कलाकारों ने प्रस्तुत की, जिन्हें भामाशाह रामनिवास मीना ने नगद राशि देकर सम्मानित किया। स्थानीय निवासी सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश चंद मीना ने बताया कि पददंगल में महेश सैनी पिनान ने महाभारत की कथा पर पद गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने गया कि आंधौ होगो जेठ बडो चिल्यो नहीं जावै रे, कोटन सू टक्कर झक्क



पद दंगल कार्यक्रम में भामाशाह रामनिवास मीणा का सम्मान किया।

दुपहरी में खावै रे। वही राजू लाल मीणा गायक कलाकार रीछोटी ने भक्त पूरणमल की कथा सुनाई। इस मौके पर पद गायक रामसिंह मीणा डोरोली ने राजा रघु की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना का युवा समिति और ग्रामीणों ने 151 मीटर लंबा साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत, किसान नेता देवेंद्र खटाना, राजोली के बद्री पटेल, बब्लेश मीणा, श्याम महर, जितेंद्र पत्रकार आदि का भी स्वगत किया गया।

# किसान का नोटों से भरा थैला चोरी

**किशनगढ़बास,** (निसं)। बाजार में पंसारी की दुकान पर सामान खरीद रहे किसान का 1 लाख 90 हजार रुपए से भरा थैला बाइक से चोर पार कर ले गए। मोठूका का किसान बैंक से रुपए निकाल अस्पताल में पत्नी का इलाज करा बाजार में पंसारी के यहां दुकान पर बाइक खड़ी कर सामान ले रहा था।

मोठूका निवासी किसान करण सिंह यादव ने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया कि वह अपनी पत्नी के साथ किशनगढ़ बास पीएनबी बैंक से एक लाख 90 हजार निकलवा अस्पताल में अपनी पत्नी को डॉक्टर के यहां दिखाने के लेकर आया डाक्टर को दिखाने के बाद वह पत्नी के साथ कस्बे के मुख्य बाजार में पंसारी की दुकान पर दवाई लेने के लिए गया। पंसारी की दुकान पर दवा खरीदने के दौरान नोटों का थैला बाइक पर लटका हुआ था। चोर बाइक पर से लटके हुए थैले को पार कर ले गए। थैले में नोटों के साथ चार बैंक की पासबुक एक चादर व दवाई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर किसान की शिकायत पर दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी चेक किए।

# एक ही रात में तीन जगहों पर चोरी की वारदात

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमू उपखण्ड में चोरी की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात चोरों ने तीन जगहों पर कानरपुरा, गोविन्दगढ़, मलिकपुर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वहीं चोरों के हौसले इस कदर बुलंद है कि गोविन्दगढ कस्बा स्थित पुलिस थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर दुकानों के ताले तोडने का प्रयास किया।

हालांकि चोर यहां वारदात को अंजाम देने में विफल रहे। चोर यहां

- **राधास्वामी जनरल स्टोर की दुकान का शटर तोड़ सामान व नकदी लेकर फरार**
- **चोरों ने गोविन्दगढ़ में सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ा**

दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड दिया। वहीं चोरों ने मलिकपुर गांव स्थित एक परचून की दुकान से 10 हज़ार की नगदी समेत अन्य सामान चुरा ले गए। गोविन्दगढ़ कस्बे में चोरी के प्रयास की फुटेज एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में एक संदिग्ध बोलेरो कार व उसमे सवार दो जने शटर तोडने का प्रयास करते नज़र आ रहे हैं। गोविन्दगढ कस्बे में पूर्व में भी इन दुकानों में चोरी का प्रयास हो चुका है। इसके बावजूद पुलिस की ओर से चोरों को नहीं पकड़े जाने से चोरों के हौसले बुलंद है और वे आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे है। क्षेत्र में चोरी के मामलों का खुलासा नहीं होने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। वहीं कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह ने बताया कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों को पकडने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही चोरों को पकड़ा जायेगा। व्यापारियों को पुलिस का सहयोग करते हुए अपने स्तर पर चौकीदार की व्यवस्था करनी चाहिए।




चोरी की वारदात के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।



श्रीमाधोपुर कस्बे सहित आसपास के इलाके में लगातार सर्दी का प्रकोप छाया हुआ है। लगातार चल रही सर्द हवाओं तथा पाले के गिरने से सर्दी में बढ़ोतरी हुई है। शनिवार सुबह 9:30 तक कस्बे सहित आसपास का ग्रामीण अंचल घने कोहरे के आगोश में लिपटा हुआ नजर आया। कोहरा इतना अधिक था कि महज 10 मीटर की दूरी पर भी कुछ भी दिखाई देना संभव नहीं था। वाहन चालकों को अपने वाहनों के हेड लाइट जलाकर ही आगे निकलना संभव हो रहा था। वही रेलगाड़ी भी धीमी गति से चलती नजर आ रही थी।

# हिण्डौन की आस्था का फैलोशिप के लिए चयन

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। शहर के काना हनुमान पाड़ा निवासी आस्था शर्मा का इजराइल में रिसर्च फैलोशिप के लिए चयन हुआ है। वे 4 वर्ष इजराइल के एरिएल शहर में रहकर आर्कियोलॉजी (पुरातत्व शास्त्र) केमेस्ट्री में शोध करेंगी। आस्था की इस सफलता के लिए शहरवासियों में खुशी का माहौल है। आस्था के पिता राहुल शर्मा (हरदैनिया) ने बताया कि उनकी पुत्री ने स्कूली शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय में पूरी की। सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर से हिस्ट्री ऑनर्स से स्नातक के बाद पुणे के डेक्कन कॉलेज से आर्कियोलॉज़ी से एम. ए. (स्नातकोत्तर) किया। आस्था पिछले दिनों हरियाणा के राखीगढ़ ी में हुए उत्खनन कार्य की टीम का हिस्सा भी रहीं। अब आस्था ने इजराइल पहुंच कर



आस्था शर्मा

अपनी रिसर्च फैलोशिप का शोध कार्य शुरू कर दिया है। आस्था की मां अंजना शर्मा एक गृहिणी हैं। शर्मा का परिवार वर्तमान में उदयपुर में रह रहा है। इधर आस्था ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं परिजनों को दिया है।

# अवैध मादक पदार्थ बरामद

**उदयपुर,** (कासं)। सिटी स्टेशन रोड़ पर खडी कार से अवैध मादक पदार्थ एवं अफीम बरामद की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी दलपतसिंह राठौड के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर शुक्रवार रात में सिटी स्टेशन रोड पर आर्मी गेट से पहले रोड किनारे खडी संदिग्ध कार की तलाशी ली। जिसमें 220 ग्राम अफीम, 35ग्राम एमडीएमए मय कार जब्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# गुजरात के भाजपा विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

**आबूरोड़,** (निसं)। सिरोही जिले के आबूरोड़ सदर थाने में गुजरात के प्रान्तिज विधानसभा क्षेत्र के विधायक गजेंद्र सिंह परमार, साबरकंठा सोसाइटी के निदेशक महेश भाई पटेल व दो अन्य लोगों के खिलाफ नाबालिग के साथ छेड़छाड़ को लेकर पोस्को की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। सदर थानाधिकारी प्रवीण आचार्य ने बताया कि विशेष न्यायालय पोस्को में दायर इस्तगासे के आदेश पर एक पीड़िता ने आरोप लगाया कि करीब दो वर्ष पूर्व वह गजेंद्र सिंह परमार निवासी तलोद, जिला साबरकांठा, महेश भाई पटेल निवासी हिम्मतनगर व दो अन्य अगस्त 2020 में आरोपियों के साथ घूमने जैसलमेर अपनी पुत्री के साथ जा रही थी। आबूरोड़ में दानवाव पर पीडिता का उल्टी और बेचैनी होने पर कार रोकी और वह कार से नीचे उतरी उसके कार से उतरने पर उसकी पुत्री भी नीचे उतरी और रोने लगी और आरोपियों के साथ घूमने नहीं जाने की बात कहने लगे। जिस पर वह पुनः अहमदाबाद अपनी पुत्री के साथ चली गई। घर जाकर पुत्री ने उसके साथ छेडछाड की घटना होना बताया। जिस पर पर एक साल बाद अहमदाबाद में मामला दर्ज करवाया गया। मामला दर्ज होने पर पीड़िता को बहुत परेशान किया। पीड़िता ने सिरोही विशेष न्यायालय पोस्को में इस्तगासा दायर किया गया और आबूरोड सदर थाने में इस्तगासे पर मामला दर्ज हुआ है। जिसकी जांच जारी है। मामले को लेकर प्रान्तिज विधायक गजेंद्र सिंह से संपर्क किया गया पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

# बनास नदी में युवक का शव मिला

**देवली,** (निसं)। निकटवर्ती नापाकाखेड़ गांव से गुजर रही बनास नदी में शनिवार सुबह फिर से युवक का शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। दरअसल यह वही युवक है जिसकी गत सोमवार को बाइक, मोबाइल व जैकेट बनास पुलिया पर मिली थी। इसी आधार पर युवक के डूबने के संदेह को लेकर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने लगातार 48 घंटे तक सर्च अभियान चलाया था। लेकिन उक्त दौरान युवक का शव पुलिस को नहीं मिल सका।

उल्लेखनीय है कि युवक सुरेश पुत्र गोपीलाल गुर्जर निवासी बिलासपुर थाना नगरफोर्ट तहसील देवली जिला टोंक 14 जनवरी दोपहर 2 बजे अपने परिजनों से यह कहकर निकला था कि वह किसी कार्य के लिए टोंक शहर जा रहा है। यह कहकर निकला उक्त युवक उसके बाद घर वापस नहीं लौटा। इस पर युवक के परिजनों ने युवक के लापता होने की जानकारी पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। ऐसे में पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस को उक्त युवक की बाइक, जैकेट व मोबाइल, नापाखेडा बनास नदी की पुलिया पर मिले थे। इस पर पुलिस ने हत्या या आत्महत्या की आशंका पर अजमेर की एसडीआरएफ टीम को सूचना कर बुलाया तत्पश्चात टीम और हनुमान नगर थाना पुलिस ने बनास नदी में युवक की तलाश शुरू कर दी।

यहां पुलिस ने लगातार दो दिन तक युवक के डूबने के अंदेशे को लेकर सर्च अभियान चलाए रखा था। बनास नदी के गहरे पानी में तलाश की मशक्कत के बावजूद पुलिस को सफलता हासिल नहीं हुई। लिहाजा पुलिस को सर्च अभियान रोकना पड़ा। उक्त युवक की तलाश के बीच शनिवार सुबह बनास नदी के करीबी लोगों को लापता युवक का शव तैरता दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना हनुमाननगर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवा राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में पहुंचाया गया। युवक का शव मिलने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान सुरेश गुर्जर के रूप में कर ली। मृतक सुरेश कुमार गुर्जर नगरफोर्ट के देवपुरा खंजा स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल में शिक्षक बतौर कार्यरत था। सुरेश गुर्जर की गत 6 माह पूर्व शिक्षा विभाग में सरकारी नौकरी लगी थी।

# सात नरेगा श्रमिकों की फर्जी हाजिरी मिली

**भरतपुर,** (निसं)। जिला लोकपाल (नरेगा) प्रवीण फौजदार ने पंचायत समिति भुसावर की ग्राम पंचायत सेंधली में नरेगा कार्य के तहत चल रहे पोखर खुदाई कार्य तथा नयागांव खालसा में चारागाह विकास कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रमिकों की मौके पर हाजिरी ली तो 7 श्रमिकों की फर्जी हाजिरी मिली, कार्य स्थल के लिए 76 श्रमिकों की मस्टरोल जारी हुई थी, मेट द्वारा 51 श्रमिकों की हाजिरी भरी हुई थी लेकिन कार्य स्थल पर 44 श्रमिक मिले, 7 श्रमिकों की गलत हाजिरी के बारे में मैट से पूछा गया तो उसने बताया कि 7 लेबर हाजिरी करने के बाद बिना बताए चले गये। इस पर लोकपाल ने मैट को चेतावनी देने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने के निर्देश दिये तथा कार्य स्थल पर न तो सूचना बोर्ड मिला और न ही मेडिकल किट मिली।

श्रमिकों से भी संवाद कर भुगतान की जानकारी ली और किसी श्रमिक को परेशानी होने पर उनके मोबाइल नंबर पर जानकारी दें। श्रमिकों द्वारा पिछले पखवाड़े का भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की जिस पर विकास अधिकारी भुसावर से बात कर जल्द ही भुगतान करवाने को कहा साथ ही तुरंत सूचना बोर्ड लगवाने के भी निर्देश दिये।

# जालोर में कालबेलिया समाज के 63 लोगों ने कांग्रेस छोड़ शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की

## कालबेलिया समाज के किसी भी व्यक्ति को कांग्रेस पार्टी द्वारा किसी प्रकार का कोई पद नहीं दिया

**जालोर,** (कासं)। शिवसेना जालोर के ऑन द स्पॉट न्याय अभियान के अन्तर्गत जालोर शहर में स्थित कालबेलिया समाज के 63 लोगों ने शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की।

शिवसेना जालोर द्वारा पीड़ित के सरकारी कार्यालय में रूके हुए कार्य जिस प्रकार करवा रही है। जिससे प्रभावित होकर जालोर निवासी कालबेलिया समाज के लोग जो पहले कई वर्षों से लगातार कांग्रेस के कार्यकर्ता रहकर पार्टी की सेवा कर रहे थे, लेकिन कालबेलिया समाज के किसी भी व्यक्ति को कांग्रेस पार्टी द्वारा किसी प्रकार का कोई पद नहीं दिया व किसी प्रकार का कोई समाज के विकास के लिए कार्य नहीं किया गया।

कांग्रेस पार्टी द्वारा कालबेलिया समाज को नजरअंदाज करने पर शनिवार को शेषनाथ व मालनाथ के नेतृत्व में शिवसेना के जिला प्रमुख



शिवसेना के जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित ने सदस्यता ग्रहण कराई।

रूपराज पुरोहित के द्वारा शिवसेना का दुपट्टे व रक्षा सूत्र बांधकर 63 कार्यकताओं को शिवसेना की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। वही बालासाहेब ठाकरे के हिन्दु राष्ट्र व गरीब लोगों को सेवा के कार्य को आगे बढ़ाने की शपथ भी दिलायी गई।

इन्होंने की सदस्यता शेषनाथ, मालनाथ, गणेशनाथ, मेवनाथ, रामनाथ, जोशनाथ, जबरनाथ, डुंगरनाथ, रमेशनाथ, सपुनाथ, सेठनाथ, पपानाथ, देवनाथ, करणनाथ, दिनेशनाथ, ओमनाथ, केशनाथ, सुरेशनाथ, रूपनाथ, धमानाथ, जितुनाथ, गोविन्दनाथ, श्रवणनाथ, फुलनाथ, अचलनाथ, निबनाथ, जेठनाथ, मुकेशनाथ, भंवरनाथ, वेननाथ, राजुनाथ सहित अन्य कई कालबेलिया समाज के लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। इसी दौरान शिवसेना कार्यालय में दोलाराम मेघवाल, कैलाश वैष्णव, भोमाराम, सुरेश गर्ग, दिनेश कुमार, किशोर कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- **वहीं किसी प्रकार का समाज के विकास के लिए कार्य नहीं किया गया**